# वाणिज्य में स्नातकोत्तर उपाधि

(एम. कॉम (पुराना)

प्रथम वर्ष

सत्रीय कार्य

2026–2027

जुलाई 2026 तथा जनवरी 2027 प्रवेश सत्र के लिए

प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – **1100 68**

# सत्रीय कार्य – 2026–2027

प्रिय छात्र/छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, इस कार्यक्रम में आपको प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए एक सत्रीय कार्य करना है। सभी सत्रीय कार्य आपको एक साथ भेजे जा रहे हैं।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30 प्रति  ात अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इन सत्रीय कार्यों को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

यह सत्रीय कार्य दो प्रवेश सत्र अर्थात् **(जुलाई 2026 और जनवरी 2027)** के लिए वैध है, इसकी वैधता निम्नलिखित है :–

1. जो **जुलाई 2026** में पंजीकृत है उनकी वैधता **जून 2027** तक है।

2. जो **जनवरी 2027** में पंजीकृत है उनकी वैधता **दिसंबर 2027** है।

यदि आप जून सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो इन्हें **15 मार्च** तक अवश्य जमा कर दें। यदि आप दिसम्बर सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो आपके लिए आवश्यक है कि आप इन्हें **15 अक्टूबर** तक अध्ययन केंद्र के संयोजक के पास जमा कर दें।

**अध्यापक जांच सत्रीय कार्य**

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | **:** | **आई. बी. ओ. -05** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | **:** | **अंतर्राष्ट्रीय विपणन लॉजिस्टिक्स** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | **:** | **आई. बी. ओ. -05/ टी. एम. ए. / 2026-27** |
| **खण्डों की संख्या** | **:** | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**1.** (क) विदेशी व्यापार लॉजिस्टिक्स (Overseas Trade Logistics) में अंतर्देशीय परिवहन प्रणालियों (Inland Transportation Systems) की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए। माल परिवहन (Cargo Movement) में सड़क, रेल तथा अंतर्देशीय जल परिवहन के योगदान की तुलना कीजिए। **(10+10)**

(ख) वेयरहाउस की अवधारणा, कार्यों तथा आर्थिक महत्व की व्याख्या कीजिए। वैश्वीकृत अर्थव्यवस्था (Globalized Economy) में प्रभावी लॉजिस्टिक्स प्रबंधन के लिए भंडारण किस प्रकार योगदान देता है, इस पर चर्चा कीजिए।

**2.** (क) व्यावसायिक संगठनों में इन्वेन्ट्री की आवश्यकता पर चर्चा कीजिए। इन्वेन्ट्री प्रबंधन (Inventory Management) के उद्देश्यों, तकनीकों तथा आधुनिक प्रवृत्तियों की व्याख्या कीजिए। **(10+10)**

(ख) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में वायु परिवहन (Air Transport) के महत्व का विश्लेषण कीजिए। भारत में नागरिक उड्डयन (Civil Aviation) की संरचना तथा वायु माल परिवहन (Air Cargo Operations) के समक्ष आने वाली चुनौतियों पर चर्चा कीजिए।

**3.** (क) समुद्र, वायु, स्थल तथा बहु-माध्यम परिवहन (Multimodal Transport) द्वारा माल के परिवहन के कानूनी पहलुओं का परीक्षण कीजिए। वाहकों (Carriers) तथा प्रेषकों (Consignors) के अधिकारों एवं दायित्वों पर चर्चा कीजिए। **(10+10)**

(ख) अंतर्राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स में बंदरगाहों (Ports) की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए। भारतीय बंदरगाहों के समक्ष उपस्थित प्रमुख चुनौतियों तथा उनके विकास हेतु अपनाई गई नीतिगत पहलों पर चर्चा कीजिए।

**4. निम्नलिखित में अंतर स्पष्ट कीजिए :** **(4X5)**

(क) घरेलू लॉजिस्टिक्स (Domestic Logistics) तथा अंतर्राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स (International Logistics)

(ख) लाइनर नौवहन (Liner Shipping) तथा ट्रैम्प नौवहन (Tramp Shipping)

(ग) अंतर-माध्यम परिवहन (Inter-modal Transportation) तथा बहु-माध्यम परिवहन (Multi-modal Transportation)

(घ) अंतर्देशीय कंटेनर डिपो (Inland Container Depot-ICD) तथा कंटेनर माल स्टेशन (Container Freight Station-CFS)

**5. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए::** **(4X5)**

(क) लॉजिस्टिक्स में ग्राहक सेवा के घटक (Customer Service Components in Logistics)

(ख) विपणन लॉजिस्टिक्स में सूचना प्रौद्योगिकी (Information Technology) की भूमिका

(ग) समुद्री कंटेनरों (Marine Containers) के प्रकार एवं उनके उपयोग

(घ) भारत में प्रेषकों (Shippers) की समस्याओं के समाधान हेतु संस्थागत व्यवस्थाएँ (Institutional Arrangements)